E-Mail: coeoffice@csjmu.ac.in

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/1149/2025 | दिनांक : 05/12/2025

कार्यालय–ज्ञाप

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 21.03.2025 के मद संख्या– 2025.22.04 में लिए गये निर्णय के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2007 से 2022 तक तथा उसके पश्चात् के समस्त वार्षिक परीक्षा के ऐसे अभ्यर्थी जो सम्बन्धित पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण हैं किन्तु पर्यावरण अध्ययन विषय में अनुत्तीर्ण हैं, जिसके कारण उन्हें डिग्री प्राप्त नहीं हो रही है, ऐसे अभ्यर्थियों का पर्यावरण अध्ययन विषय में परीक्षा फार्म ऑनलाइन पूरित कराते हुए परीक्षा सम्पन्न करायी जानी है।

अतः उक्त निर्णय के अनुपालन में वर्ष 2007 से 2022 तक तथा उसके पश्चात् के वार्षिक परीक्षा के ऐसे अभ्यर्थी जो सम्बन्धित पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण हैं किन्तु पर्यावरण अध्ययन विषय में अनुत्तीर्ण हैं, वे विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.csjmu.ac.in पर उपलब्ध प्रक्रिया @Students ➡ Examinations ➡ Application for Misc. Exam Fee द्वारा New Payment विकल्प में से Environmental Back Paper Payment Method** का चयन करते हुए निर्धारित शुल्क जमा कराते हुए पर्यावरण अध्ययन विषय की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के क्रम में पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा Moodle (Online) के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न करायी जायेगी एवं परीक्षा की तिथि, स्थान व समय की सूचना सम्बन्धित को पृथक से प्रेषित की जायेगी।

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर को इस आशय से प्रेषित कि अपने महाविद्यालय के सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को उक्त सूचना से अवगत कराने का कष्ट करें।
2. सहायक कुलसचिव (छात्र सहायता प्रकोष्ठ)।
3. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
4. वैय0 सहायक, परीक्षा नियंत्रक/कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
5. पी0एम0यू0 विभाग को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट के होमपेज पर अपलोड कराते हुए आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।
6. कोडिंग विभाग।
7. सम्बन्धित पत्रावली।

(अंजलि मौर्या)
उप–कुलसचिव (परीक्षा)